प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 23/2021)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

ऑनलाइन उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम

नई दिल्ली, 1 अप्रैल 2021 – भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) द्वारा दिनांक 25.03.2021 और 26.03.2021 को अपने क्षेत्रीय कार्यालयों, कोलकाता और हैदराबाद के माध्यम से दो ऑनलाइन उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए।

2. भादूविप्रा के महत्वपूर्ण उद्देश्यों में से एक उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना और उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, भादूविप्रा देश के विभिन्न हिस्सों में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित करता है। कोविड–19 महामारी से उत्पन्न वर्तमान स्थिति में, ऐसे कार्यक्रम ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें उपभोक्ता अपने घर, दुकान या कार्यालय में बैठकर शामिल हो सकते हैं।

3. इन कार्यक्रमों के दौरान, उपभोक्ताओं को दूरसंचार सेवाओं के विभिन्न पहलुओं अर्थात टैरिफ, मूल्य वर्धित सेवाओं (वीएएस), डेटा सेवाओं, अनचाही वाणिज्यिक संचार (यूसीसी), मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी, शिकायत निवारण तंत्र, के संबंध में उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित किया गया था। उपभोक्ताओं को विभिन्न मोबाइल ऐप जैसे ट्राई माई–स्पीड ऐप, ट्राई माई–कॉल ऐप और डीएनडी 2.0 ऐप और उपभोक्ता इन ऐप और ट्राई एनालिटिक पोर्टल का लाभ कैसे उठा सकते हैं, के बारे में बताया गया, जो भादूविप्रा द्वारा उपभोक्ता सशक्तीकरण के लिए विकसित किए गए हैं। उपभोक्ताओं को विभिन्न धोखाधड़ी जैसे टॉवर धोखाधड़ी, आईएसडी नंबरों से मिस्ड कॉल के बारे में और इनसे बचने के उपायों के बारे में भी बताया गया। भादूविप्रा द्वारा उपभोक्ताओं के लाभ के लिए चैनल सलेक्टर ऐप भी लांच किया गया, जिससे उपभोक्ता अपना सब्सक्रिप्शन देख सकते हैं, चैनल जोड़/हटा सकते हैं और अपनी पसंद को इष्टतम बना सकते हैं। इस संबंध में, भादूविप्रा द्वारा तैयार किया गया एक वीडियो (यू टयूब पर भी उपलब्ध है) भी उपभोक्ताओं को दिखाया गया।

क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता

4. यह उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम बिहार और झारखंड राज्यों के लिए आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दूरसंचार उपभोक्ताओं के अलावा, उपभोक्ता पक्षसमर्थक समूहों (सीएजी) के प्रतिनिधियों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों, विभिन्न उपभोक्ता संघों के सदस्यों, विभिन्न कॉलेजों के शिक्षकों एवं छात्रों, सरकार के पदाधिकारियों, और लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान, श्री ए. मुनिशेखर, सलाहकार, भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता द्वारा प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए गए।

क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद

5. यह उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम तेलंगाना राज्य के लिए आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तेलंगाना राज्य के दूरसंचार उपभोक्ताओं के अलावा, तेलंगाना के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में स्थानीय उपभोक्ता मंचों, भादूविप्रा में पंजीकृत उपभोक्ता पक्षसमर्थक समूह (सीएजी) के प्रतिनिधियों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों, सरकारी और निजी संगठनों के पदाधिकारियों और विभिन्न इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेजों के छात्रों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान, श्री वी. एस. राजू, संयुक्त सलाहकार, क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद द्वारा प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए गए।

6. किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, श्री संजीव बांझल, सलाहकार (सीए एवं आईटी), भादूविप्रा से टेलीफोन 011–23210990 या ईमेल आईडीः advisorit@trai.gov.in द्वारा संपर्क किया जा सकता है।

(एस. के. गुप्ता)
सचिव, भादूविप्रा